<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा ने 272% की वृद्धि के साथ 3,173 करोड़ रुपये के ऋण संवितरण किया, 295 करोड़ रुपये का सर्वाधिक तिमाही पीएटी अर्जित किया; नेट एनपीए में 1.61% की उल्लेखनीय कमी

नई दिल्ली, 12 अगस्त 2023

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 295 करोड़ की कर के बाद लाभ (पीएटी) और 440 करोड़ रुपये कर पूर्व लाभ (पीबीटी) के सर्वकालिक सबसे अधिक तिमाही लाभ के साथ एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि पिछले वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि की तुलना में क्रमशः 30% और 29% की उल्लेखनीय वृद्धि दर्शाती है। इरेडा ने नेट गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में भी महत्वपूर्ण कमी प्रदर्शित की है, जो उन्हें वित्तीय वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही में 2.92% से घटाकर वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 1.61% पर ला दिया है, जोकि वर्ष-दर-वर्ष आधार पर उल्लेखनीय 45% की कमी (प्रतिशत के संदर्भ में) को प्रस्तुत करता है ।

इरेडा के निदेशक मंडल ने आज आयोजित एक बैठक में कंपनी के असाधारण प्रदर्शन और लगातार विकास पथ की सराहना करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को मंजूरी दी।

पिछले वर्ष की तुलना में, इरेडा की ऋण बुक 30 जून, 2022 तक 32,679 करोड़ रुपए से बढ़ कर 30 जून, 2023 के अनुसार 47,207 करोड़ रुपए हो गई है , जोकि 44% की मजबूत वृद्धि को दर्शाता है। पहली तिमाही के दौरान, कंपनी ने 3,173 करोड़ रूपये का ऋण संवितरण किया और परिचालन से कुल आय 1,143 करोड़ रूपये हासिल किया है , जोकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही की तुलना में क्रमशः 272% और 45% की पर्याप्त वृद्धि को दर्शाता है, जिसमें ऋण संवितरण 852 करोड़ रूपये और परिचालन से कुल आय 786 करोड़ रूपये है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 की इसी अवधि की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के लिए उल्लेखनीय वित्तीय हाइलाइट्स में शामिल हैं:

- **संचालन से कुल आय**: 786 करोड़ रुपये की तुलना में 1,143 करोड़ रुपये। (45% की वृद्धि)
- **कर पूर्व लाभ**: 340 करोड़ रुपये की तुलना में 440 करोड़ रुपये। (29% अधिक)
- **कर के बाद लाभ**: 226 करोड़ रुपये की तुलना में 295 करोड़ रुपये। (30% की वृद्धि)
- **ऋण संवितरण**: 852 करोड़ रुपये की तुलना में 3,173 करोड़ (272% की वृद्धि)
- **ऋण बुक** : 32,679 करोड़ रुपये की तुलना में 47,207 करोड़ रुपये। (44% की वृद्धि)
- **नेटवर्थ** : 5,514 करोड़ रुपये की तुलना में 6,290 करोड़ रुपये। (14% की वृद्धि)

- **नेट एनपीए**: 2.92% की तुलना में 1.61% (प्रतिशत के संदर्भ में 45% की कमी)

- **नेट एनपीए**: 5.33% की तुलना में 3.08% (प्रतिशत के संदर्भ में 42% की कमी)

इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास ने कंपनी की वृद्धि का श्रेय हितधारकों के विश्वास और सपोर्ट को दिया। उन्होंने माननीय केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, श्री आर.के. सिंह, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और माननीय राज्य मंत्री, श्री भगवंत खुबा, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, एमएनआरई के सचिव और निदेशक मंडल को उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया जोकि इरेडा के ऐतिहासिक प्रदर्शन को हासिल करने में सहायक रहा है। वे समर्पित इरेडा की टीम की सतत प्रतिबद्धता और अथक प्रयासों के लिए सराहना करते हैं जिसके कारण ये ऐतिहासिक वित्तीय परिणाम प्राप्त हुए हैं।